दिन– शुक्रवार दिनांक– 14 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव में एनडीए को ऐतिहासिक जीत। तीन–चौथाई बहुमत मिला। दो सौ दो सीटों पर गठबंधन के घटक दल जीत की ओर अग्रसर।

02 उमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत नीतीश मंत्रिमंडल के अधिकांश सदस्यों को मिली जीत। चकाई से जदयू उम्मीदवार और मंत्री सुमित कुमार सिंह चल रहे हैं पीछे।

03. महागठबंधन को चुनाव में मिली करारी हार। छत्तीस सीटों पर ही करना पड़ेगा संतोष। राघोपुर सीट से राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव चुनाव जीते।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा गृह मंत्री अमित शाह ने प्रचंड जीत के लिए राज्य के लोगों को दी बधाई और शुभकामना। जीत को विकास और सुशासन का प्रतीक बताया।

---

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को ऐतिहासिक जीत मिली है। अब तक के प्राप्त रूझानों के अनुसार एनडीए को 98 सीटों पर जीत मिल चुकी है, जबकि 104 सीटों पर आगे हैं। यह आंकड़ा तीन चौथाई बहुमत से भी अधिक है। भाजपा को 56 सीटों पर जीत मिली है, जबकि पार्टी 34 सीटों पर आगे चल रही है। जदयू को 33 सीटों पर जीत मिली है और पार्टी 51 सीटों पर बढ़त बनाए हुये है। वहीं, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के 07 उम्मीदवार जीत चुके हैं और 12 सीटों पर आगे हैं। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा 02 सीटों पर जीत चुकी है और 03 सीटों पर आगे चल रही है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा 01 सीटों पर जीत चुकी है, जबकि 03 सीटों पर बढ़त बनाये हुये है।

महागठबंधन को 10 सीटों पर जीत मिली है और 26 सीटों पर आगे है। महागठबंधन के घटक दल राजद 25, कांग्रेस 06, भाकपा–माले 02, भाकपा 01 और माकपा 01 सीटों पर या तो चुनाव जीत चुकी है या आगे चल रही है। विकासशील इंसान पार्टी का खाता भी नहीं खुला। बहुजन समाज पार्टी एक सीट पर आगे है। एआईएमआईएम को 05 सीटों पर जीत मिली है। जन सुराज के एक भी प्रत्याशी को जीत नहीं मिली है। पार्टी के अधिकांश उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी।

मतगणना के रूझानों के अनुसार नीतीश कैबिनेट के सभी उनतीस मंत्रियों की जीत सुनिश्चित मानी जा रही है। तारापुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी चुनाव जीत चुके हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रत्याशी राजद

के अरूण कुमार को पैंतालीस हजार से अधिक मतों के अंतर से पराजित किया। वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा लखीसराय सीट पर आगे चल रहे हैं। वे कांग्रेस के अमरेश कुमार पर तेरह हजार से अधिक मतों से बढ़त बनाये हुये हैं। भाजपा कोटे के मंत्री मंगल पांडेय सीवान से, नितिन नवीन बांकीपुर, संजय सरावगी दरभंगा, केदार प्रसाद गुप्ता कुढ़नी, राजू कुमार सिंह साहेबगंज और सुरेन्द्र मेहता बछवाड़ा सीट से चुनाव जीत चुके हैं। इसके अलावा जाले सीट से जीवेश मिश्रा, बिहारशरीफ से डॉक्टर सुनील कुमार, बेतिया से रेणु देवी और हरसिद्धि से कृष्णनंदन पासवान को जीत मिली है। झंझारपुर विधानसभा सीट से नीतीश मिश्रा ने रिकॉर्ड छप्पन हजार से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की है। छातापुर से नीरज कुमार सिंह बबलू, सिकटी से विजय मंडल और गया टाउन से प्रेम कुमार ने जीत दर्ज की है। अमनौर से कृष्ण कुमार मंटू आगे चल रहे हैं।

इधर, जदयू कोटे के मंत्री श्रवण कुमार नालंदा से, महेश्वर हजारी कल्याणपुर, सुनील कुमार भोरे, विजय कुमार चौधरी सरायरंजन, फुलपरास से शीला कुमारी चुनाव जीत चुकी हैं। बहादुरपुर से मदन सहनी और लेसी सिंह धमदाहा से चुनाव जीत चुकी हैं। बिजेन्द्र प्रसाद यादव सुपौल से, रत्नेश सादा सोनबरसा, जयंत राज अमरपुर और जमा खान चैनपुर से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर निर्णायक बढ़त बनाये हुये हैं। वहीं, चकाई विधानसभा क्षेत्र से सुमित कुमार सिंह राजद की सावित्री देवी से पीछे चल रहे हैं।

विधानसभा चुनाव में कई पार्टी प्रमुखों की भी चुनावी किस्मत दांव पर थी। महनार सीट से जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजद के रविन्द्र कुमार सिंह को पराजित किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार को कुटुम्बा सीट पर हार का सामना करना पड़ा है। उन्हें हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के ललन राम ने पराजित किया। वहीं, पारू विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी भी चुनाव हार गए हैं। इस सीट पर राजद के शंकर प्रसाद ने जीत हासिल की है। सहरसा विधानसभा सीट से इंडियन इंक्लूसिव पार्टी प्रमुख आई. पी. गुप्ता भाजपा के आलोक रंजन से पीछे चल रहे हैं। महुआ सीट से जन शक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव तीसरे स्थान पर रहे। इस सीट पर लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के संजय कुमार सिंह को जीत मिली है। गोविंदगंज सीट से लोजपा आर के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी चुनाव जीत गए हैं। वहीं, अमौर सीट पर एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल इमान ने लगभग उनतालीस हजार वोट से जीत दर्ज की है। टिकारी सीट से हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के अध्यक्ष अनिल कुमार पीछे

चल रहे हैं। इस सीट पर राजद के अजय कुमार आगे हैं। द प्लूरल्स पार्टी की प्रमुख पुष्पम प्रिया चौधरी दरभंगा शहरी सीट से आठवें स्थान पर रहीं।

हरनौत विधानसभा क्षेत्र से जदयू के हरि नारायण सिंह ने दसवीं बार चुनाव जीता है। उन्होंने अड़तालीस हजार से अधिक मतों के अंतर से कांग्रेस के अरूण को पराजित किया। जदयू के नरेन्द्र नारायण यादव आलमनगर से आठवीं बार जीत की ओर अग्रसर हैं।

दानापुर से भाजपा के रामकृपाल यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजद के रीत लाल राय को पराजित किया। इसके साथ ही रामकृपाल यादव उन नेताओं की श्रेणी में आ गये हैं, जिन्होंने राज्यसभा, लोकसभा, विधान परिषद और अब विधानसभा के लिए निर्वाचित हुये हैं। मोकामा सीट पर जदयू के अनंत कुमार सिंह, फुलवारीशरीफ से जदयू के श्याम रजक और बक्सर से भाजपा के आनंद मिश्रा चुनाव जीत गये हैं। इसके अलावा भागलपुर से कांग्रेस के अजित शर्मा को हार का सामना करना पड़ा। उन्हें भाजपा के रोहित पांडेय ने पराजित किया। एकमा सीट से जदयू के मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह निर्णायक बढ़त बनाये हुये हैं।

राजद के वरिष्ठ नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव राघोपुर सीट पर चुनाव जीत गये हैं, उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के सतीश कुमार को चौदह हजार पांच सौ बत्तीस मतों से पराजित किया। कई राउंड की मतगणना तक तेजस्वी प्रसाद यादव सतीश कुमार से पीछे चल रहे थे।

राजद के वरिष्ठ नेता भाई बीरेन्द्र मनेर सीट से, रामानंद यादव फतुहा से, मढ़ौरा से जितेन्द्र कुमार राय, परसा से करिश्मा राय आगे चल रही हैं। सिकंदरा से राजद के उदय नारायण चौधरी चुनाव हार गये हैं, उन्हें हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रफुल्ल कुमार मांझी ने पराजित किया। राजद के ललित यादव दरभंगा ग्रामीण से चुनाव हार गये हैं, उन्हें जदयू के राजेश कुमार मंडल ने पराजित किया। पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे और आर.के. मिश्रा को करारी हार का सामना करना पड़ा है।

---

विधानसभा चुनाव में कई जाने–माने कलाकारों की चुनावी किस्मत दांव पर थी। अलीनगर सीट से भाजपा उम्मीदवार और लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने जीत हासिल की है। सुश्री ठाकुर ने कहा कि यह जीत क्षेत्र के लोगों की जीत है।

———बाईट———

छपरा सीट पर भोजपुरी फिल्मों के जाने–माने अभिनेता और गायक शुत्रघ्न यादव उर्फ खेसारी लाल यादव पीछे चल रहे हैं। इस सीट पर भाजपा की छोटी कुमारी बढ़त बनायी हुई है। जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार और गायक रितेश रंजन को

करगहर सीट पर करारी हार का सामना करना पड़ा। वहीं, लौरिया से भाजपा के विनय बिहारी चुनाव जीत गये हैं।

———————————————————

विधानसभा चुनाव एनडीए नेताओं के परिजनों को भी सफलता मिली है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पुत्र वधू दीपा मांझी इमामगंज से और उनकी समधन ज्योति देवी बाराचट्टी से निर्वाचित हुयी हैं। **पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह के पुत्र और औरंगाबाद से भाजपा उम्मीदवार त्रिविक्रम सिंह आगे चल रहे हैं। शिवहर की सांसद लवली आनंद के पुत्र नविनगर से जदयू के उम्मीदवार चेतन आनंद पीछे चल रहे हैं।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता सासाराम से आगे चल रही हैं। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह के भाई और दिनारा से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उम्मीदवार आलोक कुमार सिंह आगे चल रहे हैं। पूर्व सांसद जगदीश शर्मा के पुत्र राहुल कुमार जहानाबाद से राजद उम्मीदवार के रूप में आगे चल रहे हैं। वहीं, पूर्व सांसद पशुपति कुमार पारस के पुत्र यशराज अलौली से चुनाव हार गए हैं। पूर्व सांसद और राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र अजीत कुमार सिंह रामगढ़ से चुनाव हार गये हैं।

वहीं, सांसद सुरेन्द्र प्रसाद यादव के पुत्र विश्वनाथ सिंह बेलागंज से पीछे चल रहे हैं। पूर्व सांसद अरूण कुमार के पुत्र और घोसी से जदयू के उम्मीदवार ऋतुराज कुमार पीछे चल रहे हैं। पूर्व विधायक दिलीप वर्मा के पुत्र और सिकटा से जदयू उम्मीदवार समृद्ध वर्मा चुनाव जीत गये हैं। लोजपा सांसद वीणा सिंह की पुत्री और गायघाट से जदयू की कोमल सिंह चुनाव जीत गयी हैं। पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के पुत्र और मांझी से जदयू के उम्मीदवार रणधीर सिंह आगे चल रहे हैं। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सदानंद सिंह के पुत्र और कहलगांव से जदयू उम्मीदवार शुभानंद मुकेश चुनाव जीत गये हैं।

———————————————————

विधानसभा चुनाव में बारह सीटों राजापाकड़, बछवाड़ा, बेलदौर, गौराबौराम, बिहारशरीफ, वैशाली, नरकटियागंज, कहलगांव, सुल्तानगंज, चैनपुर, करगहर और सिकंदरा सीट पर महागठबंधन के घटक दल एक दूसरे को ही चुनौती दे रहे थे। इन सभी सीटों पर महागठबंधन उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा है।

———————————————————

आइये अब जानते हैं सीमांचल के विभिन्न जिलों के परिणामों के बारे में। और जानकारी दे रहे हैं हमारे किशनगंज संवाददाता–

———बाईट———

सीमांचल के जिलों में एआईएमआईएम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। किशनगंज के कोचाधामन सीट पर मोहम्मद सरवर आलम को जीत मिली है। अररिया के जोकीहाट से मुर्शीद आलम, बहादुरगंज से मोहम्मद तौसीफ आलम, अमौर से अख्तरूल इमान, बायसी से गुलाम सरवर को एआईएमआईएम के टिकट पर जीत मिली है। कई सीटों पर पार्टी दूसरे स्थान पर भी रही। किशनगंज से कांग्रेस कमरूल होदा को जीत मिली। कटिहार से भाजपा के तारकिशोर प्रसाद चुनाव जीत गये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए किशनगंज से विशाल कुमार।

———————————————————

विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद भाजपा, जदयू समेत अन्य घटक दलों के कार्यालयों में जश्न का माहौल है। पेश है हमारे संवाददाता की रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

इधर, जदयू कार्यालय में भी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। ब्योरा हमारे संवाददाता से——

————रिपोर्ट———

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभा चुनाव में एनडीए की शानदार जीत के लिए बिहारवासियों के प्रति आभार जताया है। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि यह प्रचंड जनादेश हमें जनता—जनार्दन की सेवा करने और नये संकल्प के साथ काम करने की शक्ति प्रदान करेगा।

———बाईट———

इधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रचंड जनादेश महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण की एनडीए की संकल्प सेवा पर जनता की मुहर है।

---

इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी एनडीए की शानदार जीत के लिए बिहारवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों ने भारी बहुमत देकर हमारी सरकार के प्रति विश्वास जताया है। श्री कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सहयोग के लिए आभार जताया है। उन्होंने एनडीए के घटक दलों के प्रति भी आभार जताया।

---

एनडीए के नेताओं ने गठबंधन की प्रचंड जीत के लिए बिहार के लोगों को धन्यवाद दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के लोगों के विश्वास की जीत है।

———बाईट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि लोगों ने धर्म और जाति से ऊपर उठ कर विकास के लिए वोट किया है।

———बाईट———

जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि बिहार के लोगों ने विकास के एजेंडे पर मतदान किया।

———बाईट———

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए के सभी घटक दलों के तालमेल के कारण प्रचंड जीत मिली है।

———बाईट———

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि चुनाव में ऐतिहासिक जीत विकास और सुशासन की जीत है।

———बाईट———

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव लोगों को गुमराह करना चाहते थे, लेकिन उनका मंसुबा पूरा नहीं हुआ।

———बाईट———

महागठबंधन के घटक दल कांगेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने चुनाव परिणामों पर सवाल उठाते हुये आरोप लगाया कि एनडीए की एकतरफा जीत लोकतंत्र के लिए खतरा है।

———बाईट———

कांग्रेस नेता अखिलेश प्रसाद सिंह ने हार के लिए नेतृत्व पर सवाल उठाया।

———बाईट———

विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि उन्हें ऐसी हार का अनुमान नहीं था। उन्होंने सभी जीतने वाले विधायकों को बधाई दी।

———बाईट———

राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा है कि इस जनादेश के बावजूद विपक्ष की भूमिका में राष्ट्रीय जनता दल जन मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रखेगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. विधानसभा चुनाव में एनडीए को ऐतिहासिक जीत। तीन–चौथाई बहुमत मिला। दो सौ दो सीटों पर गठबंधन के घटक दल जीत की ओर अग्रसर।

02 उमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत नीतीश मंत्रिमंडल के अधिकांश सदस्यों को मिली जीत। चकाई से जदयू उम्मीदवार और मंत्री सुमित कुमार सिंह चल रहे हैं पीछे।

03. महागठबंधन को चुनाव में मिली करारी हार। छत्तीस सीटों पर ही करना पड़ेगा संतोष। राघोपुर सीट से राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव चुनाव जीते।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा गृह मंत्री अमित शाह ने प्रचंड जीत के लिए राज्य के लोगों को दी बधाई और शुभकामना। जीत को विकास और सुशासन का प्रतीक बताया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।